>

Title: Need to provide adequate medical facilities in Government Medical College, Orai in Jalaun Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.- Laid

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन):** मेरे संसदीय क्षेत्र के जालौन गरौठा भोगनीपुर के अंतर्गत जिला जालौन के मुख्यालय उरई में राजकीय मंडिकल कॉलेज स्थित है इसमें रोगियों के उपचार हेतु जरूरत के अनुरूप सुविधायें उपलब्ध नहीं है यह मात्र एक इमारत बनकर रह गया है । इस मेडीकल कॉलेज में जैसे कि न्यूरोलॉजी, नेफोलॉजी, कार्डियोलॉजी, डायलेसिस, मॉडर्न आईसीयू एवं अन्य मेडिकल साइंस से संबंधित सुविधाएं यहां पर नहीं है खासकर यहां पर कैंसर रोगियों के समुचित इलाज के लिए कोई भी उत्तम सुविधा उपलब्ध नहीं है । इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में रोगियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए आधुनिक उपकरण एवं अन्य आधुनिक सुविधाओं से वंचित इस मेडिकल को सभी यथासंभव सुविधाएं दिलाने का कष्ट करें जिससे जिला जालौन के अति आर्थिक रूप से कमजोर लोग जो झांसी या कानपुर जाने में सक्षम नहीं है वो भी आधुनिक चिकित्सा का लाभ हो सके ।